employment there, which they think, they will not get in the new place. But it is certainly true, as the hon. Member has said, when you think in terms of rehabilitating them anywhere, the rehabilitation cannot be confined only to providing them with houses; but it has to be related to some kind of employment too, which in this case also, would be done.

DR. FAROOQ ABDULLAH: Sir, I would like to draw the attention of the Hon. Home Minister to one particular fact. I do not think that the conditions that are prevalent in the Valley are conducive enough for those people to go back. There is a plan being envisaged that they will provide two colonies to them in *Martand* and the other place. But do not think that is going to solve the problem. I have been the Chief Minister of Jammu and Kashmir in the most difficult times, and as you all know already, we ourselves are not safe; we have to have much security around us. Therefore, Sir, any such plan that is made, must be moved very carefully; it is not only a question of employment, but a question of the lives of people residing there. These people will become targets of the *Al Quaeda* and other such movements. Therefore, Sir, any consideration that is done on this must be very carefully sorted out. What I would like to know from the Hon. Home Minister is, whether the present Government that is there, which is really pushing these people to go back, to settle them there, realise the danger to them, as well as the fall-out of that in the nation, if a killing spree starts there?

SHRI L. K. ADVANI: Mr. Chairman, Sir I am sure that no one will push anyone. Afterall, if this proposal has to be implemented, it would be implemented only with the consent of those who are affected. Unless they feel confident, the plan would not be successful. Our earlier efforts were not successful, not because of any lack of will, but because the people there did not feel safe. So they have to be made to feel safe.

Crimes against women

*303. DR. T. SUBBARAMI REDDY:†
SHRIMATI SHABANA AZMI:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether in the year 2002, there had been increasing number of crimes against women;

†The question was actually asked on the floor of the House by Dr. T. Subbarami Reddy.

(b) if so, what were the main reasons for the same;

(c) what are the efforts being made to reduce these crimes against women in 2003;

(d) whether any proposals in this regard have been worked out; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI I.D. SWAMI): (a) to (e) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) The incidence of crime committed against women as reported in 2000 were 1,41,373 which increased to 1,43,866 during 2001, thereby registering an increase of 1.8% during 2001 over 2000.

(b) Poverty, work participation, social practices like dowry, the absence of gender sensitization, anonymity in urban areas and the physical vulnerability of women are some of the reasons for crime against women.

(c) to (e) 'Police' and 'Public Order' are State subjects. Prevention of all crime including crime against women is primarily the responsibility of the State Governments. However, Government of India has been advising the State Governments from time to time to improve the administration of the criminal justice system and take such measures as are necessary for the prevention of atrocities against women and as a result of the overall efforts of the Central Government most of the State and the Union Territories have set up special cells to deal with crime against women. Many States have set up police stations managed exclusively by women police personnel to deal with crime related to women and also inculcate a sense of confidence and security in women to approach police stations without fear or apprehension.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Mr. Chairman, when I put the question, what are the efforts being made to reduce these crimes against women in 2003, the hon. Minister has said, 'It is a State subject. However, the Government of India has been advising the State Governments, from time to time.' I would like to put a straight question to not only the Hon. Minister but also the Hon. Deputy Prime Minister. In New Delhi, there

have been so many crimes taking place against women particularly, recently, so many college students have been harassed, and also atrocities have taken place against women. I would like to know what protective measures the Government is taking at least, in New Delhi which is under the direct control of the Central Government, not merely telling that it is the responsibility of the State Governments. That is a different issue. So, I want a reply from the Hon. Deputy Prime Minister. Please tell us the measures.

SHRI I.D. SWAMI: Sir. Not only in Delhi but also throughout the country, various measures have already been taken to ensure that the number of crimes against women does not increase, rather decreases, and the women feel a sense of security,

So far as Delhi is concerned, in all the districts of Delhi, there are separate cells for women. These women cells have been created only to infuse enthusiasm and confidence in the women folk so that they can approach those cells easily. Various other measures, sensitisation, patrolling and all those things, in addition, are being taken, but more important is that for each district in Delhi, a separate women cell has been created so far that purpose.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, my second question in this. It has always been found that a number of people commit crimes against women and trial of their cases take years together , and they try to escape under the law. Are there any plans to amend the law, the present legislation, and see that the fellow who commits a crime is punished immediately within six months.

SHRI I.D. SWAMI: The anxiety and the concern of the Hon. Member is very genuine, Sir, and, for that purpose also, not only the recommendation of the Law Commission but also the recommendation of the National Commission for Women have been taken in to consideration, and the criminal justice delivery system is being reformed. Justice Malimath Committee has already been appointed its report is expected very soon. But whatever recommendations that the National Commission for women has made , those have been seriously followed, and necessary action is being taken. That is right.For trial of crimes against women, the concept of special court is also being envisaged.

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, in the reply, the Hon. Minister has

mentioned some reasons for crimes against women like the absence of gender sensitisation. I would like to know from the Hon. Minister whether the Government is aware of the fact that the Tamil Nadu Government is conducting successfully the gender sensitisation programme, and also, many all-women police stations have been set up to reduce crimes against women; and whether the Government will come forward to support and financially assist the State Government in this regard.

SHRI I.D. SWAMI: Certainly, the State Governments are being helped in different ways, not only for reducing the crimes.

So far as the speedy trial is concerned, as I have already said, for that the criminal judicial system will have to be reformed, for which we are awaiting the report of the Justice Malimath Committee.

But so far as the financial aid to the States is concerned, for modernisation and other purpose,the Department of Women & Child Welfare in that Ministry is also helping the NGOs for meeting their financial difficulties so that the NGOs can play a very important role in the matter of reducing the crimes against women or giving a sense of protection and a sense of security to the women folk in the country and those NGOs are also being helped by the Central Government, the Department of Child Welfare.

MISS MABEL REBELLO: Sir, just now, the hon. Minister has said that the crime against women is being dealt with by the National Commission for Women. I regret to say, Sir, that the National Commission for Women, for the last three years, rather, four years, has done a lot of studies it has suggested a lot of legislative changes to curtail the crimes against women, but those reports are never laid on the Table of the House, Sir! And nothing has been done. They are all gathering dust in the Ministry. I would like to know from the Hon. Minister, if they are really serious, and if they really want to bring the crimes against women down, why is it that they are neglecting the reports, studies, recommendations and suggestions made by the National Commission for Women for the last four years. They are not taking cognisance of them they are not bothered about them. I would like to know from the Hon. Minister why they are doing that.

SHRI I.D. SWAMI: Sir, through you, I can assure the Hon. Member that it is not correct to say, it would be uncharitable to say ...*(Interruptions)*...

MISS MABEL REBELLO: You have not been able to lay any report on the Table of the House ...*(Interruptions)*. These reports are gathering dust in the Ministry. Why? I am calling a spade a spade ...*(Interruptions)*. I am not trying to be uncharitable. I am just trying to draw the attention of the Government on the callous attitude towards women ...*(Interruptions)*.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Let him reply, Madam ...*(Interruptions)*.

SHRI I.D. SWAMI: Sir, so far as the report of the National Commission for Women is concerned, as I have said in the beginning, the recommendations are being considered very sincerely. There are so many crimes which are not IPC crimes, but for the protection of women, separate laws have already been framed. Not only that, we have also drawn up a plan for the protection of the women and reducing the crimes. ...*(Interruptions)*.

MISS MABEL REBELLO: Sir, it is all on papers only, not to be implemented. It is only on papers ...*(Interruptions)*.

श्रीमती सरला माहेश्वरी: जब हम बच्चों पर यौन उत्पीड़न की चर्चा कर रहे थे, तब उन्होंने कहा था कि ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप अपना प्रश्न करिए।

कुमारी मैबल रिबैलो: सर, उन्होंने रिप्लाई नहीं किया है ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी: महोदय, पहले इनके प्रश्न का जवाब होने दीजिए, फिर मैं प्रश्न करती हूं।

श्री सभापति: उनके प्रश्न का जवाब हो गया है।

कुमारी मैबल रिबैलो: सर, आप हमें प्रोटैक्शन दें। 50 परसेंट महिलाओं को प्रोटैक्शन देनी चाहिए।

श्री सभापति: मैं आपको प्रोटैक्शन दे रहा हूं।

कुमारी मैबल रिबैलो: उनको प्रोटैक्शन दे रहे हैं जिनके पास गवर्नमेंट है। यह क्या हो रहा है? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी: सभापति महोदय, हम जानते हैं कि आप महिलाओं को प्रोटैक्शन दे रहे हैं। आप महिलाओं को संरक्षण दे रहे हैं, हमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मैं यह चाहती

हूं कि आप कृपया इस संबंध में सरकार को निर्देश दें। बहरहाल, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि जहां तक महिलाओं पर अत्याचारों का सवाल है, स्थिति आइसबर्ग की तरह है, जितना दिखाई देता है, उससे बहुत ज्यादा अंदर होता है। महोदय, सरकार की संवेदनशीलता पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। हम सभी इसके लिए उद्वेलित है। सरकार यह कहकर कि यह सिर्फ राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है, अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकती। मैं माननीय मंत्री जी को याद दिलाना चाहूंगी–महोदय, आपको भी याद होगा–अभी दो या तीन दिन पहले हम बच्चों के यौन उत्पीड़न पर चर्चा कर रहे थे। उस समय माननीय मंत्री जी ने यह कहा था कि हमारे कानून इन समस्याओं के निवारण के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। अगर कानून पूरी तरह से सक्षम होते तो आज महिलाओं पर जो अत्याचार घट रहे हैं, उन अत्याचारियों को पकड़ने के लिए ऐसी शर्मनाक स्थिति नहीं होती। इसलिए मेरा सवाल है, माननीय मंत्री जी, पहली बात तो यह है कि जो अनुशंसाएं दी गयी हैं, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में जो अनुशंसाएं दी हैं उन अनुशंसाओं के अनुरूप आपके मंत्रिमंडल के कितने विभागों में कमेटियां गठित की गयी हैं और कितने विभागों में नहीं की गयी हैं उनका मुझे ब्यौरा देंगे? इसी से जुड़ा हुआ सवाल है कि इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप...

श्री सभापति: आप क्वेश्चन करिए।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: इन दिशा-निर्देशों को परिवर्धित करने के लिए कॉम्प्रीहैंसिव लॉ लाने की जरूरत है या नहीं? उसी दिन बात हुई, रेप संबंधी कानून, सैक्सुअल ऐसॉल्ट की जो परिभाषाएं दी गयी हैं वे इतनी वेग हैं कि उनके अनुसार कोई काम नहीं हो सकता है। माननीय मंत्री जी कहते है कि इसकी कोई जरूरत नहीं है।

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: महोदय, सुप्रीम कोर्ट ने 13.8.97 के जजमेंट में कुछ गाइडलाइन्स दी थीं। उनके मुताबिक ऐक्टिव ऐक्शन लिया गया है। उस रिट पैटीशन में जो प्वाइंट्स रेज़ किए गये थे और जजमेंट में जो गाइडलाइन्स दी गयी थीं ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप लोग हाथ मत उठाइए। अब दूसरों को टाइम नहीं दूंगा। ...(व्यवधान)... केवल महिलाओं को ही दूंगा। कोई पुरुष हाथ नहीं उठाए, मैं यही बोल रहा हूं। ये पुरुष हाथ उठाते हैं, उसी की तो शिकायत हो रही है।

कुमारी मैबल रिबैलो: हमारे क्वेश्चन का जवाब ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: अब आप बैठिए, उन्हें बोलने दीजिए।

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: गाइडलाइन्स स्टिपुलेट करती थीं कि कमेटी बनाई जाए और मैं

माननीय सदस्या के नोटिस में यह लाना चाहता हूं कि हरेक डिपार्टमेंट में कमेटी बनाई जाए, इस संबंध में गवर्नमेंट ने ऐक्शन इनीशिएट किया और सैंट्रल मिनिस्ट्रीज़ और डिपार्टमेंट्स में, पीएसयूज़ में, सबके लिए ऐडवाइज़ दी। In 58 Ministries and Departments of the Government of India, 24 States and Union Territories, the setting up of All Ladies Committee has already been done. Not only that, the Civil Service Conduct Rules have also been amended and any misconduct or prohibited conduct against women has been made a misconduct under the Civil Service Conduct Rules and action is being taken. It is not that action is not being taken. All these actions have already been taken. और गाइडलाइन्स को प्राइवेट सेक्टर में भी इंप्लिमेंट करने के लिए Industries Employment Standing Order Act, 1946 has also been amended and a Central Committee headed by the Secretary, Department of Women and Child Development, consisting of representatives of various industries and NGOs, has also been constituted.

श्रीमती सरला माहेश्वरी: आपके किसी विभाग में है या नहीं, आपने आंकड़े दिए हैं। मैंने कहा कि जहां पर नहीं है, वह बताइए और कॉम्प्रिहेंसिव लेजिस्लेशन लाने की बात भी बताइए।

श्रीमती सविता शारदा: सभापति महोदय, अभी हमारी बहनों ने बहुत कुछ पूछ लिया है, कुछ प्रश्न मेरे दिमाग में भी हैं। अभी तीन दिन पहले मुझे...

श्री सभापति: आप क्वेश्चन पूछिए।

श्रीमती सविता शारदा: सभापति महोदय, कृपा करके मुझे बोलने दीजिए। मैं बहुत ज्यादा नहीं बोलना चाहती लेकिन मुझे समय दीजिए। महोदय, 8 मार्च को हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। हम लोग बहुत खुशी से कहते हैं कि हमें हमारे अधिकार मिलने चाहिए, सब कुछ होना चाहिए लेकिन यहां पर जो जवाब दिया गया है, उसमें कहा गया है कि 2000 से 2001 में आपराधिक मामलों में 1.8 परसेंट की वृद्धि हुई है। अभी तो वर्ष 2002 और 2003 भी है। महोदय, एक दिन पहले जब मैंने प्रश्न पूछा था तो उसमें यह बताया गया था कि लगभग 54,000 बलात्कार के केस अभी पेंडिंग हैं। सर, यह ध्यान देने वाली बात है। बाल अपराध की इतनी घटनाएं हो रही हैं, दो दिन पहले हमने यह प्रश्न उठाया था। एक दूसरे प्रश्न में यह उत्तर दिया गया कि महिलाओं का शारीरिक रूप से दुर्बल होना आदि कुछ कारणों की वजह से महिलाओं के प्रति अपराध होते हैं। मुझे इसमें एक बात और जोड़नी है कि...

श्री सभापति: आप जोड़िए नहीं, पूछिए। मैं एलाउ नहीं करूंगा।

श्रीमती सविता शारदा: विज्ञापन और प्रचार भी इसका कारण हैं। मैं मंत्री महोदय से कहना

चाहती हूं कि सरकार की दंड प्रणाली और न्याय प्रणाली बहुत ही स्लो है। लाखों केसेज़ अभी पेंडिंग पड़े हैं लेकिन उनका धीरे-धीरे भी निपटारा नहीं हो रहा है।

श्री सभापति: बताइए आप क्या कर रहे हैं?

श्रीमती सविता शारदा: सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं कि क्या कोई ठोस कदम आप उठाने जा रहे हैं? सिर्फ पेपर्स पर मत दिखाइए मंत्री जी, बहुत कदम उठाने की आवश्यकता है। आप इसके लिए क्या ठोस कदम उठा रहे हैं –इसका स्पष्टीकरण दीजिए।

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: सर, इसमें जैसे मैंने पहले कहा कि एक जस्टिस जो कर्नाटक के हैं और हाई कोर्ट के भी जस्टिस रहे हैं, उनकी अध्यक्षता में एक कमेटी बनी हुई है। क्रिमिनल ज्यूडीशियल सिस्टम के रिफॉर्म करने में कहां-कहां अमेंडमेंट की जरूरत है, विशेष तौर पर जहां स्पीडी ऐक्शन हो सके, स्पेशल कोर्ट्स बनाने की बात, फास्ट कोर्ट्स बनाने की बात–ये सारे ऐक्शन ऑलरेडी उसमें लिए जा रहे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। हमने वीमेन के लिए नेशनल पॉलिसी प्लान बनाया है। अगले पांच साल के लिए क्या-क्या किया जाए, उसके लिए भी सोचा गया है और जब भी ज्यूडीशियल डिलीवरी सिस्टम में थोड़ा बहुत अमेंडमेंट करने की उनकी रिपोर्ट आएगी तो उसको जल्दी से अमेंड करने के लिए तुरंत ऐक्शन लिया जाएगा।

प्रो॰ अलका क्षत्रिय: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह कहना चाहती हूं कि मंत्री जी ने अपने उत्तर में कहा है कि महिलाओं के प्रति अत्याचार रोकने के लिए महिला संचालित पुलिस थाने बनाए गए हैं। क्या महिलाओं के प्रति अत्याचार रोकने के लिए महिला संचालित या महिला लोक अदालत बनाई गई हैं? अलग महिला लोक अदालत बनाई गई है, यदि नहीं तो मंत्री जी, आप यह बताएं कि इनको बनाने का आपका कोई विचार है या नहीं? दूसरी बात, मंत्री जी ने अपने जवाब में यह बताया कि महिलाओं के प्रति अत्याचार का एक कारण गरीबी है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए क्या सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है या देने की कोई योजना है?

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: उनके क्वेश्चन का जो लास्ट पार्ट है, उसके बारे में तो मुझे "ना" कहनी पड़ेगी क्योंकि रिज़र्वेशन के बारे में सरकारी नौकरियों में ऐसा प्रपोज़ल सरकार के ध्यान में नहीं है, अंडर कंसिडरेशन नहीं है।

प्रो॰ अलका क्षत्रिय: राजकीय सहायता नहीं देते तो कम से कम आर्थिक रूप से तो दे दीजिए और मेरा पहला सवाल महिला अदालत के बारे में था।

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: जहां तक महिला पुलिस स्टेशन और महिला अदालतों, स्पेशल कोर्ट्स का सवाल है ताकि ज्यूडीशियल प्रोसेस जल्दी से हो, केसेज़ पेंडिंग न पड़े रहें, उनके लिए

सेपरेट कोर्ट्स बनाने का प्लान तो है। हां, यह कोशिश की जाएगी और ऐसी इंस्ट्रक्शन्स भी दी जाएंगी–स्टेट्स को यह कहा जाएगा कि जहां-जहां पॉसिबल हो, वीमेन कोर्ट्स अलग से बना दें ताकि उनको सिक्योरिटी ज्यादा मिले, ज्यादा आसानी से वे उनको एप्रोच कर सकें।

MR. CHAIRMAN: Shrimati Vanga Geetha. *(Interruptions)*...

MISS MABEL REBELLO: Sir, how many courts have we got in this country? *(Interruptions)*... We have got so many courts in this country, Sir. *(Interruptions)*...

श्री सभापति: देखिए, ये भी महिलाओं का ही मामला उठा रही हैं।

SHRIMATI VANGA GEETHA: Sir, the hon. Minister, in his reply, has stated that the incidence of crime committed against the women, registered an increase of 1.8 per cent during 2001 over 2000. Sir, the women police stations are there in the States. But they are not properly working. I would like to ask the Minister what is the assistance entitled to the States in establishing police stations. Is there any proposal to amend the IPC in order to punish culprits in the event of grave crime against the women?

SHRI I.D. SWAMI: Sir, to ensure that the punishment is severe, the amendments were made not only in the IPC, but even in the Cr. PC and the Evidence Act—all the three major Acts. All the amendments will be taken care of as and when Justice Malmath Committee Report comes to us. That is the problem. So far as the issue of women courts or women police stations is concerned, no separate finances are being given. But, all the same, at present, in the scheme of modernisation of police force, all these provisions are there. Now, a proposal is already before the Government—as the States were feeling handicapped for want of finances—that instead of 50-50 ratio, 75 per cent should go from the Centre and 25 per cent from the States. This proposal is under consideration.

श्रीमती माया सिंह: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि महिला अपराध और उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के वूमेन कमीशन, महिला आयोग का गठन किया गया है। मेरा एक सुझाव है कि महिला आयोग की जो एक छवि हमारे दिमाग में थी कि वह अन्यायियों के लिए खौफ और बेसहारा बहनों के लिए सहारा बने, इस तरीके से इस आयोग का गठन किया गया था। ऐसे मामलों को सख्ती से निपटाने के लिए आयोग को और अधिकार सम्पन्न बनाना चाहिए। मध्य प्रदेश के महिला उत्पीड़न के मामले में...

श्री सभापति: आप क्वेश्चन करिए।

श्रीमती माया सिंह: आयोग को वहां पर पर्याप्त मात्रा में स्टाफ भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। फिर वहां पर उत्पीड़न की घटनाओं की किस तरह से रोक-थाम होगी? आयोग कैसे काम कर पाएगा? क्या इसमें लिखा हुआ है कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, मुख्य रूप से ऐसे मामलों से निपटने के लिए? क्या केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को आदेशित करेगी ऐसे मामलों में?

श्री सभापति: इन्होंने पहले कह दिया है। इन्होंने शुरू में ही कहा था। ...(**व्यवधान**)... सुब्बारामी रेड्डी ने ही यह बीमारी पैदा की है।

श्रीमती अम्बिका सोनी: सर मैं मंत्री-महोदय से एक छोटा-सा सवाल करना चाहती हूं।

श्री सभापति: लास्ट क्वेश्चन।

श्रीमती अम्बिका सोनी: इस मुल्क में बलात्कार के हादसे बढ़ते ही चले जा रहे हैं और यह बात भी मानी हुई है कि इन हादसों में से आधे भी एफ॰आई॰आर॰ दर्ज नहीं कराते हैं क्योंकि हमारी सामाजिक व्यवस्था ऐसी है कि महिलाएं एफ॰आई॰आर॰ दर्ज कराने की हिम्मत नहीं करती हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि क्या सरकार ऐसी बात सोच सकती है कि जो व्यक्ति बलात्कार के केस में पकड़े जाते हैं, जिनके खिलाफ सबूत मिल जाता है उनके लिए ऐसी सजा निर्धारित की जाए कि वे दोबारा बलात्कार करने की हिम्मत न करें। क्योंकि हम जानते हैं कि ऐसे भी हादसे हुए हैं कि एक व्यक्ति ने इस मुल्क में दोबारा बलात्कार करने की हिम्मत की है?

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्या के ध्यान में एक यह बात लाना चाहता हूं कि स्टडी से यह पाया गया है कि तकरीबन बलात्कार के 90 परसेंट केसेज में लोग उनके वाकिफकार होते हैं, रिलेटिव्ज और नोन परसन्स ही बलात्कार करते हैं। जहां तक आपका दूसरा प्रश्न है।

श्रीमती अम्बिका सोनी: ये बलात्कार in the family भी हो सकते हैं, मैं इसमें नहीं जा रही हूं। जो भी रेप करता है, उसके लिए ऐसे कठिन...

श्री ईश्वर दयाल स्वामी: उसके लिए सरकार सख्त कदम उठाए या कानून को और सख्त बनाया जाए और सजाएं और बढ़ाए, इसके लिए जैसा मैंने पहले कहा कि एक कमेटी बनी हुई है। जस्टिस मेलिमत कमेटी इन सब चीजों में, आई॰पी॰सी॰, सी॰आर॰पी॰सी॰, ऐवीडेंस ऐक्ट आदि में जा रही है। जब उनकी रिपोर्ट आएगी तो उसमें अमेन्डमेंट करने की बात सोची जाएगी।

श्रीमती सरोज दूबे: सर, हमने कोई गलती नहीं की है ...(**व्यवधान**)...

*304. [*The questioner (Shri Munavvar Hasan) was absent. For answer vide page 50 infra.*]